जिन पर कृपा राम करें

राम नाम आधार जिन्हें....
राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं
जिन पर कृपा राम करें वो पत्थर भी तिर जाते हैं
जिन पर कृपा राम करें वो पत्थर भी तिर जाते हैं...

लक्ष्य रामजी सिद्धि रामजी राम ही राह बनाई
राम ही राह बनाई..
राम कर्म हैं राम ही कर्ता राम की सकल बड़ाई
राम की सकल बड़ाई...
राम काम करने वालों में राम की शक्ति समाई
पृथक पृथक नामों से सारे काम करें रघुराई
भक्त परायण निज भक्तो को सारा श्रेय दिलाते है
जिन पर कृपा राम करें वो पत्थर भी तिर जाते हैं.....

घट घट बसके आप ही अपना नाम रटा देते हैं
नाम रटा देते हैं....
हर कारज में निज भक्तो का हाथ बटा देते है
हाथ बटा देते है....
बाधाओं के सारे पत्थर राम हटा देते है
अपने ऊपर लेकर उनका भार घटा देते है
पत्थर क्या प्रभु तीन लोक का
पत्थर क्या प्रभु तीन लोक का सारा भार उठाते हैं
जिन पर कृपा राम करें वो पत्थर भी तिर जाते हैं........-3

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22829/title/jin-par-kirpa-ram-kre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |